आकाशवाणी केन्द्र शिमला

02.12.2024 / प्रादेशिक समाचार / 09.20 बजे

प्रधानमंत्री–सुरक्षा सम्मेलन

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने डिजिटल धोखाधड़ी, साइबर अपराध और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस प्रौद्योगिकी, विशेषकर डीप फेक से उत्पन्न खतरों पर गंभीर चिंता जताई है। भुवनेश्वर में कल अखिल भारतीय पुलिस महानिदेशक और महानिरीक्षक सम्मेलन के समापन सत्र को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री ने पुलिस पर कार्य भार कम करने के लिए नई प्रौद्योगिकियों के उपयोग पर बल दिया। उन्होंने पुलिस थानों को संसाधन आवंटन का केंद्र बिंदु बनाने का सुझाव दिया। प्रधानमंत्री ने पुलिस नेतृत्व से डिजिटल जालसाजी, साइबरअपराध और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के संभावित संकटों से निपटने के लिये भारत की प्रौद्योगिकी क्षमता दोगुनी कर इस चुनौती को अवसर में बदलने की अपील की।

मुख्यमंत्री

मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू आज शिमला शहर में विभिन्न विकासात्मक परियोजनाओं का शिलान्यास व उदघाट्न करेंगे। वे करीब 13 करोड़ रूपये से निर्मित ढली बस अड्डे का उदघाट्न करेंगे। इस बस अड्डे में यात्रियों के लिए कई सुविधाएं उपलब्ध होंगी। इनमें धात्री महिलाओं के लिए फीडिंग रूम, दिव्यांगों को रैंप इत्यादि शामिल हैं। बस अड्डे के शुभारंभ अवसर पर उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री और लोकनिर्माण व शहरी विकास मंत्री विक्रमादित्य सिंह और ग्रामीण विकास व पंचायती राज मंत्री अनिरूद्ध सिंह भी मौजूद रहेंगे। इसके अलावा मुख्यमंत्री सब्जी मंडी ढली के विस्तार और उपनगर संजौली के समिट्रि में सामुदायिक केंद्र व पार्किंग की आधारशिला रखेंगे।

बिंदल

विपक्षी दल भाजपा कांग्रेस सरकार के खिलाफ 7 से 10 दिसम्बर तक ज़िला स्तर पर धरना प्रदर्शन करेगी। पार्टी प्रदेश अध्यक्ष राजीव बिंदल ने बताया कि इन प्रदर्शनों के माध्यम से कांग्रेस सरकार के दो वर्ष के कार्यकाल की नाकामियों को उजागर किया जाएगा। उन्होंने कहा कि 18 दिसम्बर को विधानसभा के शीतकालीन सत्र के दौरान धर्मशाला में धरना दिया जाएगा। इसी कड़ी में पार्टी ने 11 दिसम्बर को कांग्रेस सरकार के कार्यकाल के खिलाफ राज्यपाल को एक ज्ञापन सौंपने का भी निर्णय लिया है।

गोकुल बुटेल

मुख्यमंत्री के प्रधान सलाहकार गोकुल बुटेल ने कहा है कि प्रदेश सरकार स्वास्थ्य संस्थानों में गुणावत्तायुक्त व समयबद्ध सेवाएं प्रदान करने और विभिन्न ऑनलाईन सेवाओं के विस्तार की दिशा में काम कर रही है। वह खरड़ में विभिन्न हिमाचली सभाओं द्वारा आयोजित कार्यक्रम को सम्बोधित कर रहे थे। गोकुल बुटेल ने कहा कि प्रदेश में सभी विधानसभा क्षेत्रों में एक–एक आदर्श स्वास्थ्य केन्द्र स्थापित करने का कार्य किया जा रहा है और पहले चरण में 53 स्वास्थ्य संस्थानों में अस्पताल प्रबंधन सूचना सेवा स्थापित की जा रही हैं।

मौसम

प्रदेश में बादलों के न बरसने से शूष्क ठंड का दौर जारी है और तापमान में लगातार गिरावट दर्ज की जा रही है। जनजातीय क्षेत्रों में तापमान के माइनस में दर्ज किए जाने से सामान्य जनजीवन प्रभावित हुआ है। मैदानी व मध्यपर्वतीय  इलाकों में भी लोगों को सुबह–शाम कड़ाके की ठंड का सामना करना पड़ रहा है। बारिश न होने से कई जिलों में सुखे की स्थिति पैदा हो गई है। इससे न केवल प्रदेश में सर्दियों के दौरान होने वाली रबी की फसल प्रभावित हुई है बल्कि राज्य की पेयजल व सिंचाई योजनाओं सहित पर्यटन व्यवसाय पर भी असर पड़ा है। मौसम विभाग के अनुसार पश्चिमी विक्षोभ की सक्रियता से चंबा, कुल्लू, लाहौल स्पीति, कांगड़ा और किन्नौर के ऊंचाई वाले क्षेत्रों में अगले 24 घंटों में बारिश व बर्फबारी होने जबकि अन्य जिलों में मौसम साफ बना रहेगा।

अब एक नजर अखबारों की सुर्खियों पर.....

आज समाचार पत्रों ने भोटा चैरिटेबल अस्पताल से जुड़ी खबर को प्रमुखता दी है।

अमर उजाला की सुर्खी है–भोटा अस्पताल के लिए एक्ट बदलेगा, विधेयक लाएगी सरकार। पंजाब केसरी ने मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू के हवाले से लिखा है–राधा स्वामी सत्संग ब्यास चैरिटेबल अस्पताल भोटा को राहत प्रदान करेगी सरकार। जबकि दैनिक सवेरा टाइम्स के शब्द हैं–शीतकालीन सत्र के पहले दिन सरकार संशोधन विधेयक पेश करेगी। दिव्य हिमाचल का शीर्षक है–बंद नहीं होगा भोटा चैरिटेबल अस्पताल। दैनिक जागरण का कहना है–भोटा अस्पताल को राहत, विधेयक लाएगी सरकार। हिमाचल दस्तक के मुताबिक–राधा स्वामी अस्पताल भोटा के भूमि हस्तांतरण को लेकर सीएम ने ली बैठक।

दिव्य हिमाचल ने खबर दी है–शीतकालीन प्रवास पर जनवरी से कांगड़ा आएगी सरकार–सीएम सुखविंदर सिंह सुक्खू निभाएंगे पुरानी परंपरा। दैनिक भास्कर लिखता है–शिवा प्रोजेक्ट–दो के तहत सात जिलों की दो हजार हेक्टेयर भूमि में लगेंगे अमरूद, संतरा, लीची व अनार के पौधे।

दैनिक सवेरा टाइम्स ने पूर्व केंद्रीय मंत्री व सांसद अनुराग ठाकुर के बयान को सुर्खी दी है–भारतीय अर्थव्यवस्था की रीढ़ है एमएसएमई सैक्टर।

नौणी विश्वविद्यालय के दीक्षांत समारोह से जुड़ी खबर पर दैनिक जागरण लिखता है–मंत्री के सामने बोले राज्यपाल, वेतन नहीं दोगे तो फिर क्या दोगे।